भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ. राजेंद्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली -110001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. रा.भा.4(2)/2021- हिन्दी

दिनांक: 25-10-2022

## रिक्ति परिपत्र

**विषय: अनुबंध के आधार पर 01 (एक) हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता की अल्पावधिक नियुक्ति से संबंधित**

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा पूर्णतया अनुबंध पर प्रारंभ में एक वर्ष की अवधि, जिसे परिषद की अपेक्षा एवं अभ्यर्थी के कार्य निष्पादन के आधार पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से आगे 03 वर्ष या इससे अधिक समय के लिए बढ़ाया जा सकता है, के लिए केंद्र सरकार/सार्वजनिक संगठनों से सेवानिवृत्त अनुवादक/ वरिष्ठ अनुवादक/ सहायक निदेशक (रा.भा.)/ उप-निदेशक (रा.भा.) या समकक्ष पदों पर काम का अनुभव रखने वाले कार्मिकों में से 01 हिंदी अनुवादक/परामर्शदाता (अनुबंध के आधार पर) को संविदा के आधार पर रखने हेतु निर्धारित प्रोफोर्मा में आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। संबंधित निबंधन एवं शर्तें तथा आवेदन प्रारूप की प्रति संलग्न है।

पात्र अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रपत्र में अपने हस्ताक्षरित आवेदन की स्कैन की हुई प्रति ई-मेल dirol.icar@nic.in पर pdf अथवा jpeg format में समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिन के अंदर भेजनी होगी।

**संलग्न:** 1. निबंधन एवं शर्तें
2. आवेदन प्रारूप

(आर.डी. शर्मा)
उप-निदेशक (रा.भा.)

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली-110001
KrishiBhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

## निबंधन एवं शर्तें (Terms of Reference)

MANUAL FOR PROCUREMENT OF CONSULTANCY AND OTHER SERVICES, 2017 के तहत GFR 2017 Rule 177 के अनुसार निबंधन एवं शर्तें इस प्रकार हैं :-

| क्र.सं. | विषय | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | परिचय (Introduction) | केन्द्र सरकार/सार्वजनिक संगठनों से सेवानिवृत अनुवादक/वरिष्ठ अनुवादक/सहायक निदेशक (रा.भा.)/उप निदेशक (रा.भा.) या समकक्ष पदों पर काम करने 01 हिन्दी अनुवादक/परामर्शदाताओं (अनुबंध के आधार पर) को संविदा आधार पर रखने हेतुआवेदन आमंत्रित करने के संबंध में |
| 2. | उद्देश्य (Objectives) | अंग्रेजी से हिन्दी तथा हिन्दी से अंग्रेजी अनुवाद कार्य। |
| 3. | कार्यक्षेत्र/कार्य का विवरण (Scope of work/Description of work) | संसदीय प्रश्नों, अनुपूरक टिप्पणी, कृषि संबंधी संसदीय स्थायी समिति एवं प्राक्कलन समिति को प्रस्तुत की जाने वाली सामग्री, कैबिनेट नोट, शासी निकाय की आयोजित होने वाली बैठकों के एजेंडा एवं कार्यवृत्त का अनुवाद कार्य, वार्षिक आम बैठक से संबंधित एजेंडा एवं कार्यवृत्त का अनुवाद कार्य परिषद मुख्यालय के विभिन्न प्रभागों/अनुभागों से प्राप्त सामग्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कार्यालय/कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री के कार्यालयों से प्राप्त सामग्री तथा सचिव, (डेयर) एवं महानिदेशक (भाकृअप) कार्यालय से प्राप्त होने वाली सामग्री का अनुवाद कार्य, पीआईएम प्रभाग से प्राप्त संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले महत्वपूर्ण सामग्री का अनुवाद कार्य, पीआईएम प्रभाग से प्राप्त संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले महत्वपूर्ण दस्तावेजों (यथा डेयर/भाकृअप/आउटकम बजट अनुदान मांगों की संवीक्षा एवं वार्षिक योजना) का हिन्दी अनुवाद कार्य। इसके अलावा इसमें समयबद्ध/तत्काल स्वरूप के कार्यों के लिए कार्यालय समय के बाद तथा आवश्यकता पड़ने पर अवकाश वाले दिन कार्यालय में आकर काम को समय पर सुचारू रूप से निपटाना शामिल है। |
| 4. | अनुबंध अवधि | प्रारंभ में एक वर्ष के लिए जिसे एक समय में एक वर्ष के लिए |

| | | |
|---|---|---|
| | (Period of contract) | बढ़ाते हुए 3 वर्ष तथा सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से इससे अधिक समय तक बढ़ाया जा सकता है। परिषद के सक्षम अधिकारी को बिना किसी सूचना के हिन्दी अनुवादक (अनुबंध के आधार पर) की सेवा समाप्ति का पूर्ण अधिकार सुरक्षित होगा। हिन्दी अनुवादक (अनुबंध के आधार पर) को स्वेच्छा से सेवा छोड़ने की सूचना एक माह पहले सक्षम प्राधिकारी को देनी होगी। |
| 5. | कार्यनिष्पादन (Output) | समयबद्ध/तत्काल स्वरूप के अनुवाद कार्यों को सुचारू रूप से निर्धारित समय सीमा में पूरा करना। |
| 6. | अहर्ताएं एवं अनुभव (Qualification and experience) | (i) केन्द्र सरकार के विभागों/मंत्रालयों/पीएसयू/स्वायत्तशासी संगठनों आदि से सेवानिवृत अनुवादक/वरिष्ठ अनुवादक/सहायक निदेशक (रा.भा.)/उप निदेशक (रा.भा.) या समकक्ष पदों पर काम करने का कम से कम 10 वर्ष का अनुभव अथवा मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक संगठन/प्रतिष्ठित संगठनों आदि में अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का 10 वर्ष का अनुभव।<br>(ii) वैज्ञानिक शब्दावली और वैज्ञानिक सामग्री के अनुवाद कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।<br>**वांछनीय:** (iii) कम्प्यूटर पर कार्य एवं हिन्दी टंकण का ज्ञान। |
| 7. | आयु सीमा (Age Limit) | अधिकतम आयु सीमा 65 वर्ष होगी। |
| 8. | भर्ती प्रक्रिया (Recruitment Process) | परिषद में अनुबंध के आधार पर वेबसाइट एवं प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन/मंत्रालयों/विभागों में परिचालित करके प्रतियोगी प्रक्रिया अपनाते हुए केन्द्र सरकार/सार्वजनिक संगठनों से सेवानिवृत अनुवादक/वरिष्ठ अनुवादक/सहायक निदेशक (रा.भा.)/उप निदेशक (रा.भा.) या समकक्ष पदों पर काम करने वाले अथवा मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक संगठन/प्रतिष्ठित संगठनों आदि में अंग्रेजी से हिन्दी एवं हिन्दी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का अनुभव रखने वाले सेवानिवृत चार हिन्दी अनुवादकों/परामर्शदाताओं के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से आवेदन करने हेतु 15 दिन का समय दिया जाएगा। |
| 9. | पारिश्रमिक (Remuneration) | रू. 40,000/- (चालीस हजार रूपये) प्रतिमाह तथा निश्चित टीडीएस नियमानुसार काटा जाएगा।<br>हिन्दी अनुवादक (अनुबंध के आधार पर) किसी प्रकार के भत्ते |

| | | |
|---|---|---|
| | | एवं अन्य सुविधाओं के लिए पात्र नहीं होंगे। हिन्दी अनुवादक (अनुबंध के आधार पर) प्रत्येक कलैण्डर माह में एक दिन का अवकाश देय होगा। |
| 10. | कार्यस्थल (Place of Posting) | भाकृअप मुख्यालय कृषि भवन, नई दिल्ली |

| फोटो |
|---|
| |
| हस्ताक्षर |

**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद**

**आवेदन का प्रारूप**

1. आवेदित पद: ____________________
2. श्रेणी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ अनाक्षरित): ____________________
3. लिंग (पुरुष/महिला): ____________________
4. अभ्यर्थी का नाम: ____________________
   **(स्पष्ट अक्षरों में)**
5. पिता/पति का नाम: ____________________
6. जन्म तिथि (दिनांक/महीना/वर्ष): __________ ,दिनांक 01-11-2022 को आयु ______
7. पत्र व्यवहार के लिए
   पता: ____________________
   ____________________
   ____________________
8. ई-मेल
   पता: ____________________
9. सम्पर्क संख्या : क) लैंडलाइन नम्बर: __________ ख) मोबाइल नम्बर: __________
10. शैक्षणिक/व्यावसायिक अहर्ता (दसवीं कक्षा से शुरू करके ):

| **उत्तीर्ण की गयी परीक्षा** | विषय क्षेत्र /विशेषज्ञता विषय | बोर्ड/ विश्व विद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | कोर्स की अवधि | अंकों का प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

....2

11. अनुभव (पूर्व अनुभव से प्रारंभ करके वर्तमान अनुभव तक (कुल अनुभव___वर्ष ___ महीने)
12. सेवानिवृत्ति के समय धारित पदनाम:___________________________ग्रेड पे/लेवल (7वें वेतन आयोग के अनुसार)_________

| **नियोक्ता का नाम एवं पता** (केंद्र सरकार/राज्य सरकार/ लोक सेवा उपक्रम/ केन्द्र सरकार के स्वायत संस्थान/निजी का भी उल्लेख करें) | **पदनाम** | **दिनांक से** | **दिनाक तक** | **कार्य का संक्षिप्त विवरण** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

13. **कम्प्यूटर पर कार्य करने की कुशलता:**
**तथा हिंदी टंकण का ज्ञान**

**<u>आवेदक द्वारा की जाने वाली हस्ताक्षरित घोषणा</u>**

मैं एतद द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन पत्र में दिया गया उपर्युक्त उल्लिखित विवरण जहां तक मेरी जानकारी है, सत्य व सही है और कोई भी तथ्य / जानकारी को छिपाया नहीं गया है। यदि मेरे द्वारा दिया गया विवरण किसी भी स्तर पर असत्य अथवा गलत पाया जाता है तो बिना कोई सूचना दिए मेरी सेवाओं को रद्द कर दिया जायेगा।

**स्थान:**

**आवेदक के हस्ताक्षर**

**दिनांक:**

**नोट: कृपया अपने आवेदन पत्र को <u>pdf अथवा ipeg format</u> में विधिवत टाइप करके ही हस्ताक्षरित की स्कैन की हुई प्रति भेजें और ई-मेल के साथ कोई भी दस्तावेज सलंग्न न करें क्योंकि सभी दस्तावेजों को साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) देखा जायेगा।**